
# APPENDIX A
## INTERVIEW SCHEDULE

**Name of the student :**

**Class:**



१. इस चित्र को देखकर आपको क्या–क्या पता चल रहा है ?

२. इनके अलावा वायु प्रदूषण के अन्य कौन–कौन से स्त्रोत है ?

३. १९८३ में यूनियन कार्बाईड फैक्टी से गैस रिसी थी और बड़ी दुर्घटना हुई थी। उस गैस त्रासदी में हजारों लोग क्यों मारे गये थे ?

४. वाहनों से निकलने वाला छुँआ वायु को किस तरह प्रदुषित करता है ?

५. फैक्ट्री के द्वारा वायु किस तरह प्रदूषित होती है ?

६. फैक्ट्री के द्वारा छोडे गये वो कौन–कौन से रसायन है जो वायु को प्रदूषित करते है ?

७. वायू प्रदूषण से सामान्य रूप से कौन–कौन सी बीमारियॉ हो जाती है ?

८. वनो और पेड–पौधों की कटाई से वायु मंडल किसी तरह प्रभावित हो रहा है ?

९. ओजोन परत के बारे मे आप क्या जानते है ?

१०. ओजोन छिद्र का क्या अर्थ है ? यह किस रसायन के कारण होता है ?

११. घर के आसपास वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए क्या–क्या करना चाहिए ?

१२. फेक्ट्री द्वारा वायु प्रदूषित न हो इसके लिए क्या–क्या उपाय करना चाहिए ?

१३. अभी हाल ही में सरकार ने दिल्ली में १५–२० वर्ष पुराने वाहनो को चलाने पर रोक लगा दी है ? क्यो ?


१४. अम्लीय वर्षा क्या है ?

१५. वायु प्रदूषण से मनुष्य मे कौन–कौन से चिरकालीन रोग हो जाते है ?

१६. ज्वालामुखी फटने से वातावरण किस तरह प्रदूषित होता है ?

१७. वायु प्रदूषण का क्या अर्थ है ?

१८. आपको इस चित्र में क्या–क्या दिखाई दे रहा है ?



१६ क्या आप इस पानी को पेयजल के रूप में ग्रहण कर सकते है ? क्यो ?

२०. इनके अलावा नदी तालाब के जल को प्रदूषित करने वाले कौन–कौन से स्त्रोत है ?

२१. खेती के लिए उपयोग होने वाले रासायनिक पदार्थ का भूमिगत और नदियॉ के पानी पर क्या प्रभाव पड रहा है ?

२२. फेक्ट्री के द्वारा पानी किस तरह प्रदूषित होता है ?

२३. पानी का प्रदूषण किस किस को प्रभवित करता है और कैसे ?

२४. प्रदूषित पानी पीने से कौन–कौन सी बीमारियॉ हो जाती है ?

२५. आपके घर पानी किस स्त्रोत से आता है ?

२६. यह स्त्रोत प्रदूषित न हो इसके लिए क्या–क्या सावधानियॉ रखनी चाहिए ?

२७. गॉव के लोगों को जल किन–किन स्त्रोत से उपलब्ध होता है ?

२८. यह स्त्रोत प्रदूषित न हो इसके लिए क्या–क्या सावधानियॉं रखनी चाहिए ?

२६. गॉंव में गोबर गैस चूल्हे प्रदूषण को कैसे नियंत्रित रखते है ?

३०. आपके घर में पीने का पानी गंदा आ रहा हो तो उसे शुद्ध करने के साधारण तरीके बताईये।

३१. घर के आसपास कौन–कौन से स्त्रोत मिट्‌टी को प्रदूषित करते है ?

३२. फेक्ट्री द्वारा मिट्‌टी किस तरह प्रदूषित होती है ?

३३. मिट्‌टी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए क्या–क्या करना चाहिये?

३४. इन सबके अलावा और किस तरह का प्रदूषण हो सकता है?

३५. त्यौहारो के समय आपको किन किन प्रदूषण का सामना करना पडता है?

३६. यदि आपका धर रेल्वे स्टेशन के समीप है तो आप किस किस तरह के प्रदूषण से प्रभावित होगें?

३७. क्या आप जनसंख्या और प्रदूषण में सबंध बता सकते है?

३८. आपको प्रदूषण के बारे मे जो जानकारी है उसका स्त्रोत क्या है?

३६. क्या आप प्रदूषण को परिभाषित कर सकते है

४७. इस चित्र को देखकर आपको क्या समझ मे आ रहा है?



# APPENDIX B
## EXPECTED ANSWERS

| | |
|---|---|
| * | Answer expected only from VI grade students |
| ** | Answer expected only from VII grade students |
| *** | Contents not mentioned in VI & VII grade text book |

१ * – फेक्ट्री, धरो से, वाहनों से, धुऑ निकल रहा है जिससे वायु प्रदूषण हो रहा है ।
– पेडो की संख्या कम होने से वायू प्रदूषण कम हो रहा है ।
– गाडियों की संख्या बढने से ध्वनि प्रदूषण हो रहा है ।

२ * – पटाखे का धुऑ या सिगरेट का धुऑ
– कचरा जलाने पर या सडने पर निकलने वाली गैस

३ – जहरीली गैस रिसी थी जिसको सूँघने से बहूत से लोगों की मृत्यु हो गयी थी !

४ * – वाहनों से निकलने वाले घुऐ मे रसायन या हानिकारक गैसे व सूक्ष्म कण होते है जिससे स्वास्थ पर बुरा असर पडता है !
– घुऐ में लैड, हाइड्रोकार्बन जैसे प्रदूषक होते है जो स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते है !

५. – फेक्ट्री से निकलने वाले धुऐ मे हानिकारक गैसे और छोटे छोटे कण होते हे जिससे फेफडे खराब हो जाते है या वायू प्रदूषित होती है ।

६ ** – फेक्ट्री से निकलने वाले घुऐ में कोयले के कण, जहरीली गैसे जैसे $SO_2$, $NO_2$ होते है तथा अन्य सूक्ष्म कण होते है जो वायु प्रदूषित करते है !

७. * – फेफडे खराब हो जाते है या अस्थमा हो जाता है
– त्वचा या ऑखें पर असर होता है !

६ * - $O_2$ की कमी या $CO_2$ बड जायेगी एवं प्रकृति का बेलेन्स बिगड जायेगा !
– कुल बारिश कम हो जायेगी या
– धरती का तापक्रम बड जायेगा या
– मिटटी ढीली होकर पानी के साथ बह जायेगी !

६. *** – ओजोन परत सूर्य की हानिकारक किरणों को पृथ्वी पर पहुचने से रोकती है !

१० ***– ओजोन परत विघटित होती जा रही है जिसे ओजोन छिद्र करते है ! यह क्लोराफलोरो कार्बन के कारण होती है !

११ – पेड नही काटने चाहिए या पेड लगाने चाहिए !
– सफाई रखना चाहिए या कचरा इधर–उधर नहीं फेंकना चाहिए !

१२ * – फेक्ट्री को अवासीय स्थानों से दूर स्थापित करना चाहिए !
– फेक्ट्री में "प्रदूषक नियत्रक संयन्त्र" लगाना कानूनन जरूरी कर देना चाहिए

१३ * – पुराने वाहनो से आर्धिक धुऑं निकलता है और ज्यादा वायु प्रदूषण होता है!
– पुराने व्रहनों से ध्वनि प्रदूषण होता है !

१४ ** – नाइट्रोजन एवं सल्फर के आक्साइड बारिश के पानी के साथ अम्ल बनाते है, जिसे अम्लीय वर्षा कहते है !

१५ – अस्थमा हो जाता है !

१६*** – आसपास का तापक्रम बड जाता है ! हारिकारक गैसे निकलने से वायु मंडल प्रदूषित होता है। पेड–पौधे नष्ट हो जाते है !

१७ – वायु का प्रदूषित होना, जिसका हानिकारक प्रभाव सभी जीव जन्तु पर पडे !

१८ – पोखर के पानी में आदमी घोडे को नहला रहा है
– पानी के स्त्रोत में आदमी कपडे और बर्तन धो रहा है !
– उसी में आदमी स्वयं नहा रहा है !

**इस चित्र को देखकर पानी के प्रदूषण का पता चल रहा है**

१६ * – इस पानी को नही पी सकते क्योकि यह प्रदूषित हो चुका है !
– इसको पीने से बीमारियॉं हो जायेंगी !

२० * – कचरा डालने से या तालाब के पास मल मूत्र त्यागने से !
* – फेक्ट्री व घरों का गन्दा पानी सीधे तालाब में छोडने से !
– शवों को बहाने से या मूर्तियों के विसर्जन से !

२१** – खाध एवं कीटनाश्क बारिश के पानी के साथ बहकर नदियों के जल व भूमिगत जल को प्रदूषित करने है !

२२ * – फेक्ट्री के पानी में गन्दगी व हानिकारक पदार्थ होते है !
– फेक्टी के पानी में जहरीले पदार्थ और रसायन होते है जिनसे पानी प्रदूषित होता है !

२३ * – सभी जैविकों को हानि पहूॅंचाते है, जिससे बहुत सी बीमारियॉं हो जानी है!
– मनुष्य, जानवर पेड–पौधै व पानी में रहने वाले जीव–जन्तुओं को भी प्रभावित करते है ! मनुष्य का स्वास्थ खराब हो जाते है

२४ निम्न में से कुल तीन बीमारियों के नाम बनायेगे !

- डायरिया
- पीलिया
- दस्त लगना
- हैजा
- टाइफाईड

२५ – बडे तालाब से या बोरिंग से या टयूब बेल से !

२६ *– तालाब में फेक्ट्री व घरो का गन्दा पानी सीधे नही छोडना चाहिए या आसपास गन्दगी नही करना चाहिए ! या पाईप साफ होना चाहिए !

– टैंक ढके होने चाहिए

– पाईप में रिसाव नही होना चाहिए !

२७ कोई भी तीन स्त्रोत के नाम बताये

- कुँआ
- तालाब
- नदी
- हैण्डपम्प
- पोखर

२८ *– आसपास कपडे.बर्तन नही धौना चाहिए, जानवरों को नही नहलाना चाहिए !

*– कुएँ के ढककर रखना चाहिए !

– आसपास पेड लगाना चाहिए !

२६ – धुऑ नही होता व प्रदूषण राहित गैस निकलती है !

Regional Institute of Education LIBRARY Bhopal

३० – उबालकर, छानकर एवं फिटकरी के द्वारा

३१ ** – आपपास फेंका गया कचरा

** – साबुन का पानी या सैप्टिक टेंक पा पानी ।

३२ ** – फेंका गया रसायनयुक्त व अविद्याटित कचरा !

** – फेक्ट्री से निकला प्रदूषित जल जिससे मिट्टी को उत्पादकता कम हो जाती है।

३३ ** – कचरे को इधर–उधर नही फेकना चाहिए !

** – कारखानों से निकले रासायनिक कचरे व गंदे पानी को शुद्ध करके ही मिट्टी में छोडना चाहिए !

३४ – ध्वनि प्रदूषण

D – 119

३५ – वायु, जल, मिट्टी व ध्वनि प्रदूषण ।

३६ – वायु, मिट्टी व ध्वनि प्रदूषण ।

३७ – आधिक जनसंख्या से प्रदूषण आधिक होगा !

३८ – परिवार, शाला व माध्यम जैसे टी वी, रेडियों।

३९ – कोई भी क्रिया जो वायु, जल और मिट्टी को जैविकों के लिए हानिकारक बनाती है को प्रदूषण कहते है !

४० – शेषनाग पृथ्वी से कह रहा है कि मैने कई शताब्दियों तक तुम्हे उढाये रखा पर अब नही उठा सकता ! क्योंकि प्रदूषण के कारण तुम मेरे जहर से भी ज्यादा जहरीली हो गयी है !